संख्या–3396/37-2-13 –30(38)13टी0सी0II

प्रेषक,

जावेद उस्मानी,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त संबंधित मण्डलायुक्त,
   उ0प्र0।
2. समस्त संबंधित जिलाधिकारी,
   उ0प्र0।
3. निदेशक,
   पशुपालन विभाग,
   उ0प्र0, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग–2, लखनऊः दिनांक 09 ~~सितम्बर~~ अक्टूबर, 2013

विषयः– पशुधन विभाग द्वारा संचालित की जा रही पशुपालकों की प्रशिक्षण योजना का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदेश की विकास योजनाओं में उनका वाजिब हक दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में उनकी जनसंख्या के आधार पर 20 प्रतिशत मात्राकरण अल्पसंख्यकों हेतु किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि प्रदेश में चलने वाली विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक न्याय की परिधि में लाते हुये उन्हें न्यायोचित हिस्सा मिल सके तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश सं0–1533/52–3–13–सा(30)/13, दिनांक 24.8.2013 निर्गत किया गया है। शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में पशुधन विभाग की **पशुपालकों की प्रशिक्षण योजना** भी सम्मलित है। यह योजना लाभार्थी परक है।

2– शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 31.7.2013 तक की भौतिक प्रगति को वार्षिक लक्ष्य से घटाते हुये अवशेष लक्ष्य में से 20 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मात्राकरण करते हुये जनपदवार फॉट निर्धारित कर दिया जाय। तदनुसार योजनान्तर्गत निर्धारित किये गये लक्ष्य

की जनपदवार फॉट संलग्नक–क पर है। इसके आधार पर ही जनपदवार लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है।

3– योजना में अल्पसंख्यकों हेतु निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नही हो पाते हैं तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय के लोगों से पूर्ण कर लिया जायेगा।

4– उपरोक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्रारूप की प्रति **संलग्नक–ख** के रूप में संलग्न है। इस प्रारूप पर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक वांछित विवरण/सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के संबंधित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। संबंधित विभाग, परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक **संलग्नक–ग** पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायेगें।

5– योजना से संबंधित शासनादेश सं0–1533/52–2013–सा(30)/2013, दिनांक 24.8.2013 में निर्धारित अन्य शर्तो/प्रकिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव

संख्या– 3396 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 लखनऊ।
3. समस्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

**(योगेश कुमार)**
प्रमुख सचिव
पशुधन एवं मत्स्य विभाग

# पशुपालकों की प्रशिक्षण योजनान्तर्गत अल्पसंख्यकों के लिए लक्ष्य का निर्धारण वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु

| | | |
|---|---|---|
| वर्ष 2013–14 का तीन दिवसीय रोजगारपरक पशुधन प्रशिक्षण का कुल लक्ष्य | 18500 | पशुपालक प्रशिक्षण |
| 31 जुलाई 2013 तक पशुपालक प्रशिक्षण की पूर्ति | 0 | |
| 31 जुलाई 2013 के पश्चात् पशुपालक प्रशिक्षण का अवशेष लक्ष्य | 18500 | पशुपालक प्रशिक्षण |
| अवशेष लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों हेतु | 3700 | पशुपालक प्रशिक्षण |

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | जनपद की कुल जनसंख्या | कुल अल्पसंख्यक जनसंख्या | वर्ष 2013–14 का कुल पशुपालक प्रशिक्षण का लक्ष्य | माह जुलाई 2013 तक की उपलब्धि | माह जुलाई 2013के पश्चात् अवशेष लक्ष्य | अवशेष लक्ष्य के सापेक्ष अल्पसंख्यक आबादी के अनुपात मे अल्पसंख्यको हेतु लक्ष्य | लक्ष्य का माहवार आवंटन अगस्त | सितम्बर | अक्टूबर | नवम्बर | दिसम्बर | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 16 |
| 2 | सहारनपुर | 3543362 | 1173091 | 1100 | 0 | 1100 | 364 | 0 | 91 | 91 | 91 | 91 | 364 |
| 1 | मुजफ्फरनगर | 2896863 | 1391792 | 1000 | 0 | 1000 | 480 | 0 | 120 | 120 | 120 | 120 | 480 |
| 3 | शामली | | | 500 | 0 | 500 | 226 | 0 | 57 | 57 | 57 | 55 | 226 |
| 4 | फिरोजाबाद | 2052958 | 288051 | 900 | 0 | 900 | 126 | 0 | 32 | 32 | 32 | 30 | 126 |
| 5 | मैनपुरी | 1596718 | 110329 | 900 | 0 | 900 | 62 | 0 | 16 | 16 | 16 | 14 | 62 |
| 6 | बंदायू | 3069426 | 666545 | 1400 | 0 | 1400 | 304 | 0 | 76 | 76 | 76 | 76 | 304 |
| 7 | गाजियाबाद | 3290586 | 827834 | 400 | 0 | 400 | 101 | 0 | 25 | 25 | 25 | 26 | 101 |
| 8 | मऊ | 1853997 | 358457 | 900 | 0 | 900 | 174 | 0 | 44 | 44 | 44 | 42 | 174 |
| 9 | बस्ती | 2084814 | 320835 | 1400 | 0 | 1400 | 215 | 0 | 54 | 54 | 54 | 53 | 215 |
| 10 | संत कबीरनगर | 1420226 | 346236 | 900 | 0 | 900 | 219 | 0 | 55 | 55 | 55 | 54 | 219 |
| 11 | रायबरेली | 2872335 | 345238 | 1500 | 0 | 1500 | 180 | 0 | 45 | 45 | 45 | 45 | 180 |
| 12 | सीतापुर | 3619661 | 719817 | 1900 | 0 | 1900 | 378 | 0 | 95 | 95 | 95 | 93 | 378 |
| 13 | इटावा | 1338871 | 105408 | 800 | 0 | 800 | 63 | 0 | 16 | 16 | 16 | 15 | 63 |
| 14 | औरैया | 1179993 | 88018 | 700 | 0 | 700 | 52 | 0 | 13 | 13 | 13 | 13 | 52 |
| 15 | कन्नौज | 1388923 | 223249 | 800 | 0 | 800 | 129 | 0 | 32 | 32 | 32 | 33 | 129 |
| 16 | कानपुर नगर | 4167999 | 715795 | 1000 | 0 | 1000 | 172 | 0 | 43 | 43 | 43 | 43 | 172 |
| 17 | फैजाबाद | 2088928 | 309434 | 1100 | 0 | 1100 | 163 | 0 | 41 | 41 | 41 | 40 | 163 |
| 18 | बाराबंकी | 2673581 | 599716 | 1300 | 0 | 1300 | 292 | 0 | 73 | 73 | 73 | 73 | 292 |
| | कुल योग | 41139241 | 8589845 | 18500 | | 18500 | 3700 | 0 | 928 | 928 | 928 | 916 | 3700 |

संलग्नक–ख

सबंधित विभाग द्वारा जनपदों से सूचना प्राप्त करने हेतु प्रपत्र

विभाग का नाम :

जनपद का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप

| क0 | योजना का नाम | अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य | इकाई | संदर्भित लक्ष्य के विरुद्ध माह में उपलब्धि | संदर्भित माह तक कमिक उपलब्धि | लक्ष्य के विरुद्ध कमिक उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

संबंधित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

संलग्नक–ग

विभाग का नाम :

योजना का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप

| क0 | जनपद का नाम | अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य | इकाई | संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि | संदर्भित माह तक कमिक उपलब्धि | लक्ष्य के विरूद्ध कमिक उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | योग : | | | | | |